अधि.क्र. / एम.एफ.पी.–पार्क / निविदा–1 / रॉ / 2023 / 489 दिनांक 18.04.2023

निविदा फार्म का मूल्य–1000 / – रूपये

# लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल में वित्तीय वर्ष 2023–2024 हेतु हर्बल उत्पादों के निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली उच्च गुणवत्ता की प्रमाणित हर्बल कच्ची औषधियों / सामग्रियों की क्रय आपूर्ति के संबंध में जारी ऑनलाइन निविदा

ऑनलाइन निविदा प्रस्ताव प्रस्तुत (अपलोड) करने की

अंतिम दिनांक 09.05.2023 समय सायं 4.00 बजे तक


## लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र (एम.एफ.पी–पार्क)

वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल

(प्रधान कार्यालय–म.प्र.राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित)

फोन : (0755) 2970629, 2970630

Website: www.vindhyherbals.in Email: mfpparc@gmail.com

अधि.क्र./एम.एफ.पी.–पार्क/निविदा–1/रॉ/2023/489 दिनांक 18.04.2023

**वित्तीय वर्ष 2023–2024 के लिए हर्बल उत्पादों के निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले उच्च गुणवत्ता की हर्बल कच्ची औषधियों/सामग्रियों की क्रय आपूर्ति हेतु ऑनलाइन निविदा की अधिसूचना**

मध्य प्रदेश राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ, मर्यादित भोपाल की आयुर्वेदिक एवं हर्बल उत्पादों के निर्माण एवं प्रसंस्करण इकाई लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल में वित्तीय वर्ष 2023–2024 के लिये आयुर्वेदिक एवं हर्बल उत्पादों के निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले उत्तम गुणवत्ता एवं प्रमाणित शुद्धता की हर्बल कच्ची औषधियों/सामग्रियों की क्रय आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदाकारों से ऑनलाइन ई–निविदा के माध्यम से तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते है।

1. ऑनलाइन ई–निविदा से संबंधित दस्तावेज एवं विवरण म.प्र.शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर निर्धारित समय सीमा एवं अवधि हेतु उपलब्ध रहेगा।
2. इच्छुक निविदाकर्ता को ऑनलाइन आवेदन करने के पूर्व अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से म.प्र.शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर निर्धारित शुल्क जमा कर पंजीयन (registration) कराना आवश्यक है।
3. निविदा प्रपत्र संस्था की बेवसाइट www.vindhyaherbals.in पर भी सन्दर्भ हेतु उपलब्ध रहेगा।

**निविदा के संबंध में निर्धारित समय सारणी**

| कार्यविवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|
| ऑनलाइन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने का समय | **19.04.2023 दिन बुधवार सायं 5.00 बजे से 09.05.2023 दिन मंगलवार** को सायं 4.00 बजे तक निविदा प्रपत्र https://mptenders.gov.in पर ऑनलाइन उपलब्ध रहेगा। |
| ऑनलाइन निविदा (तकनीकी एवं वित्तीय) भरने/अपलोड करने की अंतिम दिनांक एवं समय | **09.05.2023 दिन मंगलवार** को सायं 4.00 बजे तक–<br>वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाइन **भरना/अपलोड** करना। |
| रॉ मटेरियल के सेम्पल जमा करने का अंतिम दिनांक एवं समय | **09.05.2023 दिन मंगलवार** को सांय 4.00 बजे तक–<br>लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी भोपाल में जमा करना होगा। |
| ऑनलाइन तकनीकी निविदा खोलने का दिनांक एवं समय | **10.05.2023 दिन बुधवार** सायं 4.00 बजे से |
| तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों के ऑनलाइन वित्तीय निविदा प्रस्ताव खोलने का दिनांक एवं समय | तकनीकी निविदा की कार्यवाही उपरांत वित्तीय निविदा प्रस्ताव खोलने के संबंध में पृथक सूचित किया जावेगा। |
| निविदा प्रपत्र का शुल्क | राशि रूपये 1000/– (रू. एक हजार) का भुगतान ई–पेमेन्ट द्वारा ऑनलाईन जमा करना होगा। |
| ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया शुल्क | पोर्टल https://mptenders.gov.in की शर्तो अनुसार पोर्टल में दर्शित प्रोसेसिंग फीस को निविदाकार को ई–पेमेंट द्वारा जमा करना होगा। |
| निविदा प्रतिभूति (ई.एम.डी.) राशि | राशि रूपये 50,000/–(रू. पचास हजार मात्र) का भुगतान ई–पेमेन्ट द्वारा ऑनलाईन जमा करना होगा। |

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल**

**ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया से संबंधित दिशा–निर्देश एवं शर्तेः–**

1. प्रथम बार ई–टेंडरिंग में भाग लेने वाले निविदाकार, निविदा भरने से पूर्व पंजीयन, डिजिटल हस्ताक्षर आदि औपचारिकताओं की पूर्ति अग्रिम में कर लें।
2. **निविदा प्रपत्र शुल्क**–निविदा में भाग लेने के इच्छुक निविदाकार को सर्वप्रथम म.प्र.शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन पंजीयन प्रक्रिया पूर्णकर, रू. 1000 / – के ई–पेमेन्ट से द्वारा निविदा प्रपत्र क्रय कर निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकेगा।
3. **प्रोसेसिंग फीस**–पोर्टल https://mptenders.gov.in की शर्तो अनुसार पोर्टल में दर्शित प्रोसेसिंग फीस को निविदाकार को ई–पेमेंट द्वारा जमा करना होगा।
4. **निविदा प्रतिभूति** (Earnest Money Deposit)– निविदा प्रतिभूति (EMD) की राशि रूपये 50,000 / – (रूपये पचास हजार मात्र) होगी, जिसे ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से ई–पेमेंट द्वारा जमा करना होगा। निविदा प्रतिभूति (EMD) राशि अन्य किसी भी रूप में स्वीकार नहीं की जावेगी। निविदा प्रतिभूति (EMD) राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नही होगा।
5. निविदाकार, म.प्र.शासन के पोर्टल https://mptenders.gov.in के माध्यम से दिनांक 09.05.2023 दिन मंगलवार को सायं 4.00 बजे तक तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा ऑनलाइन अपलोड कर सकेगें।
6. निविदाकारों को निविदा से संबंधित स्पष्टीकरण या नियत तिथि वृद्धि की सूचना हेतु ई–टेंडरिंग वेबसाईट का नियमित अवलोकन करते रहना चाहिए।
7. निविदा अहस्तांतरणीय है। निविदा फार्म हेतु जमा की गई राशि वापिस नहीं की जावेगी। निविदा प्रतिभूति (ई.एम.डी.) राशि के बिना निविदा निरस्त कर दी जाएगी।
8. निविदाकार को निविदा प्रपत्र ऑनलाइन फार्मेट में डिजिटल साईन के साथ प्रस्तुत करना होगा। इस हेतु निविदाकार को https://mptenders.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन करना होगा। उक्त पोर्टल पर पंजीयन की प्रक्रिया एवं निविदा ऑनलाईन क्रय / जमा करने की प्रक्रिया संबंधी जानकारी हेतु टोल फ्री नं. 0120–4200462 / 4001002 पर कार्य दिवसों में प्रातः 10 से सायं 7 बजे तक या ईमेल–eproc@nic.in पर संपर्क कर सकते हैं। ऑनलाइन निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सर्टिफिकेट, इन्फोरमेशन टेक्नोलाजी अधिनियम–2000 के तहत प्राप्त करना होगा। निविदाकार डिजिटल सर्टिफिकेट, सीसीए द्वारा स्वीकृत संस्था से प्राप्त कर सकते है। जिन निविदाकारों के पास पूर्व से वैध डिजिटल सर्टिफिकेट है, उन्हें नया डिजिटल सर्टिफिकेट लेने की आवश्यकता नही है।
9. सर्शत प्रस्ताव स्वीकार नही किया जावेगा।
10. ऑनलाइन निविदा प्रस्ताव के 2 इलेक्ट्रानिक लिफाफे होगें–
    (1) तकनीकी निविदा (2) वित्तीय निविदा
11. तकनीकी निविदा प्रस्ताव में वांछित दस्तावेजों की प्रतियां जोकि अधिकृत व्यक्ति द्वारा स्व–प्रमाणित हो, स्केन कर अपलोड करनी होगी।
12. निविदाकार का विगत 3 वित्तीय वर्षो का न्यूनतम टर्नओवर निम्नानुसार होना आवश्यक है–
    - वित्तीय वर्ष 2019–20 हेतु 15 लाख रुपए
    - वित्तीय वर्ष 2020–21 हेतु 25 लाख रुपए
    - वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु 35 लाख रुपए

13. **ऑनलाइन वित्तीय निविदा भरते समय निविदाकार यह सुनिश्चित करले कि उसके द्वारा प्रस्तुत आपूर्ति के प्रस्तावों हेतु बिन्दु क्र. 20.11 अनुसार गुणवत्ता परीक्षण बावत कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है तथा परिशिष्ठ–1 में वर्णित सामग्री की आपूर्ति निर्धारित समय सीमा में करने हेतु वह सक्षम है।**
14. आपूर्ति की गई सामग्री यदि निर्धारित मानदंडों एवं उच्च गुणवत्ता के अनुरुप नही पाई जाती तो निविदाकार स्वयं के व्यय पर समयावधि में उसे बदलेगा। मानक अनुरुप आपूर्ति न करने की दशा में नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।
15. निविदा प्रस्ताव प्रपत्र इलेक्ट्रानिक फार्मेट में म.प्र.शासन की बेवसाइट https://mptenders. gov.in पर ऑनलाइन दिनांक 09.05.2023 दिन मंगलवार सायं 4.00 बजे तक जमा कराए जा सकते है। ऑनलाइन प्राप्त तकनीकी निविदाएं **''मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र (एम.एफ.पी.–पार्क), वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल के कार्यालय में दिनांक** 10.05.2023 **दिन बुधवार को सायं 4.00 बजे से निविदा समिति द्वारा निविदाकार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएंगी।**
16. यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है, अथवा तकनीकों कारणों से निविदा नही खुल पाने की स्थिति में अगले कार्यदिवस में निर्धारित समय पर निविदाएं खोलने की कार्यवाही की जाएगी।
17. निविदा से संबंधित समस्त प्रक्रियाएं आनलाईन होगी।
18. निविदा खोलने की तिथि को किसी कारणवश यदि सभी निविदा नही खोले जा सकने की स्थिति में अगले कार्यदिवस में शेष निविदा खोलने का कार्य जारी रहेगा।
19. तकनीकी निविदा में सफल निविदाकारों की ही वित्तीय निविदाएं खोली जाएगी।
20. **निविदाकार द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज स्केन कर ऑनलाईन दिनांक 09.05.2023 दिन मंगलवार सायं 4.00 बजे पोर्टल पर जमा (अपलोड) कराया जाना आवश्यक है। औषधियों के सेम्पल्स भौतिक रूप से ''मुख्य कार्यपालन अधिकारी'', लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र (एम.एफ.पी.–पार्क), वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल के कार्यालय में जमा कराया जाना होगा।**

    20.1 ई–पेमेंट द्वारा जमा निविदा प्रपत्र शुल्क का ब्यौरा।
    20.2 ई–पेमेंट द्वारा जमा निविदा प्रतिभूति (ई.एम.डी.) राशि का ब्यौरा।
    20.3 संस्था के पंजीयन के प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति।
    20.4 पेन / टेन की सत्यापित छायाप्रति।
    20.5 निविदाकार का GST पंजीयन प्रमाण की सत्यापित छायाप्रति।
    20.6 चार्टड एकाउटेंट / अंकेक्षक द्वारा प्रमाणीकृत विगत तीन वित्तीय वर्षो (FY 2019–20, 2020–21 एवं 2021–22) का लाभ–हानि पत्रक एवं बैलेंस शीट की प्रति।
    20.7 पिछले 3 आंकलन वर्षों (AY 2020–21, 2021–22 एवं 2022–23) हेतु जमा आयकर विवरणिका (ITR) की प्रति।
    20.8 संस्था द्वारा निविदा में भाग लेने के लिये संस्था के लेटरहेड पर अधिकार पत्र।
    20.9 निविदाकार को 100 रुपए के नान–ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर अथवा संस्था के लेटरहेड पर स्वयं सत्यापित प्रमाण पत्र देना होगी, जिसमें यह घोषणा की जावेगी कि

निविदाकर्ता का नाम केन्द्र शासन / किसी भी राज्य शासन के विभाग एवं उसके निगम मंडल की काली सूची में दर्ज नहीं है।

20.10 निविदाकार द्वारा आपूर्ति हेतु प्रस्तावित उत्पादों की सूची, बिन्दु 20.12 अनुसार सेम्पल्स एवं बिन्दु 20.11 अनुसार **गुणवत्ता परीक्षण प्रतिवेदन (Lab Testing Reports) की स्केन प्रतियां।**

**(उपरोक्त वर्णित बिन्दु क्रमांक– 20.1 से 20.10 तक के प्रपत्र एवं दस्तावेज स्केन कर ऑनलाइन जमा करना है। प्रस्तुत की जा रही दरों के सेम्पल प्रस्तुत करना अनिवार्य है, ऐसा न किये जाने पर संबंधित निविदाकार की निविदा निरस्त कर दी जाएगी। निविदा निरस्त होने की स्थिति में किसी भी प्रकार का विवाद स्वीकार्य नहीं होगा।)**

20.11 निविदाकार द्वारा निविदा में दर्शित जिन सामग्रियों की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किए जा रहे हैं, उनका मान्यता प्राप्त / प्रमाणित प्रयोगशाला से आयुर्वेदिक फार्माकोपिया ऑफ इंडिया, इंडियन फार्माकोपिया इत्यादि निर्धारित मानको के अनुसार **गुणवत्ता परीक्षण प्रतिवेदन (Lab Testing Report)** तकनीकी निविदा में ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य है।

20.12 प्रदाय प्रत्येक सेम्पल / पैकिट के ऊपर आपूर्तिकर्ता का नाम एवं उत्पाद का नाम सामग्री के आयटम कोड नम्बर सहित निविदा प्रपत्र में उल्लेखित सूची के अनुसार स्पष्ट तौर पर लिखा जाए। प्रस्तावित कच्ची सामग्री प्रति नग के सेम्पल निम्नानुसार मात्रा में निर्धारित तिथि तक भौतिक रुप से जमा किया जाना अनिवार्य हैं : –

- **हर्बल कच्ची सामग्री–100 ग्राम पैकेजिंग में।**
- **तरल सामग्री–100 एमएल पैकेजिंग में।**
- **भस्म / मसालें / रसायन–50 ग्राम पैकेजिंग में।**

प्रदाय सेम्पल / उत्पाद उपरोक्तानुसार न पाये जाने पर अमान्य कर दिये जाएगे।

20.13 परिशिष्ट–2 के अनुसार निविदाकार द्वारा घोषणा, हस्ताक्षर मुद्रा सहित प्रस्तुत करना।

20.14 निविदाकार की संस्था / उसके सहभागी / गठन पता, दूरभाष नं., फैक्स नं., ई–मेल नं. का दस्तावेज, परिशिष्ट–3 के अनुसार हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित प्रस्तुत करना।

20.15 निविदाकार चैकलिस्ट परिशिष्ट–4 अनुसार क्रमबद्ध तरीके से अभिलेखों को एकसाथ बांधकर संलग्न करेंगे।

20.16 निविदा प्रपत्र व संलग्न दस्तावेजों के प्रत्येक पृष्ठ पर सील सहित हस्ताक्षर किये जाए।

21. यह संस्थान विलम्ब या अप्राप्त होने वाली तकनीकी निविदा के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। फैक्स या ई–मेल से भेजी गई निविदा स्वीकार नहीं होगी।

**22 वित्तीय निविदा प्रस्ताव** निविदाकार **परिशिष्ठ–1** की सूची अनुसार उत्पादों के लिये अपनी दर निर्धारित कालम में **ऑनलाइन** ही प्रस्तुत करेगें। भौतिक रुप से वित्तीय निविदाएं मान्य नही की जाएंगी।

22.1 **वित्तीय निविदा में उत्पाद की दरें प्रति किलोग्राम / लीटर के अनुसार बिना कर / टेक्स के प्रस्तुत की जाएं।**

22.2 **प्रस्तुत उत्पादों की दरें भोपाल स्थित केन्द्र तक माल पहुंचाने, परिवहन एवं अनलोडिंग सहित होगीं।**

22.3 **प्रदायित सामग्री पर नियमानुसार टेक्स / करों का भुगतान किया जाएगा।**

23 किसी भी निविदा को स्वीकार / अस्वीकार करने का अधिकार **मुख्य कार्यपालन अधिकारी लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल का होगा।**

24 सफल निविदाकार को दर स्वीकृति की सूचना पत्र द्वारा प्रेषित की जावेगी।

25 **निष्पादन प्रतिभूति** (Performance Guarantee)– म.प्र.भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 अनुसार निविदा के उचित निष्पादन सुनिश्चित करने हेतु सफल निविदाकार को निष्पादन प्रतिभूति राशि सुरक्षा निधि के रूप में 7 दिवस के भीतर जमा करना होगी। सफल निविदाकार को करारनामा किये जाने के पूर्व प्रत्येक आयटम/सामग्री का संविदा मूल्य (स्वीकृत दर और आवश्यक मात्र के गुणन) की 5 प्रतिशत निष्पादन प्रतिभूति राशि किसी भी वाणिज्यिक बैंक से डिमांड ड्राफ्ट, मियादी जमा रसीद अथवा बैंकर्स चैक "CEO, MFP-PARC, Bhopal" के नाम से भोपाल में देय अथवा 18 माह के लिए वैध बैंक गारंटी "CEO, MFP-PARC, Bhopal" के पक्ष में जमा करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समयावधि में निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) जमा न कराये जाने पर संबंधित निविदाकार की निविदा निरस्त करने अथवा निविदाकार को देय राशि से वसूलने एवं ई.एम.डी. राजसात करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा।

26 सफल निविदाकर्ता से सुरक्षा निधि के रूप में निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) राशि प्राप्त होने पर ही निविदाकर्ता द्वारा पोर्टल पर ऑनलाईन जमा निविदा प्रतिभूति (EMD) राशि को पोर्टल शर्त अनुसार वापस उनके खाते में लौटाया जावेगा।

27 **निविदाकार का करारनामा–** सफल निविदाकार द्वारा रूपये 100/– के नॉनज्यूडिशयल/ नोटराइज्ड स्टाम्प पत्र पर एक करारनामा (जिसका वहन निविदाकार द्वारा किया जावेगा) ''मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, वन परिसर, बरखेड़ा पठानी, भोपाल'' के साथ स्वीकृति की सूचना के 7 कार्य दिवस के अन्दर किया जाना अनिवार्य है।

28 **आपूर्ति की शर्तें–**

28.1 निविदाकार को केन्द्र की आवश्यकतानुसार कब–कब, क्या–क्या और कितनी मात्रा में उत्पाद आपूर्ति/सप्लाई करना है इसकी सूचना पृथक से समय–समय पर लिखित में दी जावेगी। आपूर्ति/सप्लाई लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, वन परिसर बरखेड़ा पठानी, भोपाल में की जाएगी।

28.2 हर्बल कच्ची औषधियों की आपूर्ति करते समय प्रत्येक सामग्री का आपूर्तिकर्ता को NABL प्रमाणित प्रयोगशाला से गुणवत्ता परीक्षण प्रतिवेदन संलग्न करना अनिवार्य है। मानक परीक्षण प्रतिवेदन संलग्न न किए जाने पर सामग्री के गुणवत्ता परीक्षण पर हुए व्यय राशि की कटौती भुगतान की जाने वाली राशि से की जाएगी। आवश्यकतानुसार इस केन्द्र की प्रयोगशाला में भी आपूर्ति की गई सामग्री का निर्धारित परीक्षण किया जा सकता है।

28.3 आवश्यकतानुसार आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रदाय की जाने वाली सामग्री के प्राप्ति स्त्रोत का विवरण देना अनिवार्य है।

28.4 **उत्पादों की परिशिष्ठ–1** में उल्लेखित पूरी मात्रा एकबार में लिया जाना अनिवार्य नहीं है। समय–समय पर केन्द्र की आवश्यकता अनुसार उत्पाद मंगाये जावेंगे। मात्रा को कम करना या बढ़ाने का अधिकार **''मुख्य कार्यपालन अधिकारी लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल''** को होगा।

28.5 यदि सप्लाई अधिकतम 7 कार्य दिवसों में नहीं की जाती है तो **''मुख्य कार्यपालन अधिकारी लघुवनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल''** को यह अधिकार होगा कि वह कुल सप्लाई मूल्य का 1% पैनल्टी के रूप में कटौती कर लें अथवा अन्य कार्यवाही प्रस्तावित करें।

28.6 निविदाकार द्वारा भेजे गए उत्पाद/सामग्री की प्राप्ति के समय मात्रा में कमी या ह्रास की जिम्मेदारी निविदाकार की होगी। जिस उत्पाद के लिए सप्लाई आदेश जारी नहीं

किया गया उसकी प्राप्ति के लिए **लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल** उत्तरदायी नहीं होगा।

28.7 सफल निविदाकार के कार्यालय और गोदाम का **मुख्य कार्यपालन अधिकारी लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, भोपाल** या उनके नामित कोई प्रतिनिधि निरीक्षण कर सकेगा।

28.8 निविदाकार द्वारा कोई भी उत्पादों की आपूर्ति sublet द्वारा नहीं की जा सकेगी।

28.9 सफल निविदाकार द्वारा उल्लेखित उत्पाद / सामग्री की निर्धारित मात्रा एवं समय पर प्रदाय न करने की दशा में बाजार से सीधा क्रय कर लिया जायेगा तथा क्रय किये गये कच्ची सामग्री के मूल्य में यदि कोई अन्तर होता है तो अन्तर की राशि सफल निविदाकार से वसूल की जायेगी। ऐसी स्थिति में निविदाकार द्वारा सुरक्षा निधि के रूप में जमा निष्पादन प्रतिभूति राशि अधिग्रहित की जा सकेगी।

28.10 केन्द्र के हितो को ध्यान में रखते हुए किसी सामग्री का स्वीकृत निविदाकार के अतिरिक्त अन्य से क्रय करने का सम्पूर्ण अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा।

**29 भुगतान–**

29.1 आपूर्ति हेतु उत्पाद की कीमत के विरूद्ध कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जावेगा।

29.2 आपूर्तित उत्पाद की प्राप्ति के उपरांत प्रयोगशाला द्वारा सकारात्मक गुणवत्ता परीक्षण प्रतिवेदन प्राप्त होने पर 30 कार्य दिवस के भीतर देयक का भुगतान किया जावेगा।

29.3 निविदा प्रतिभूति (ई.एम.डी.) एवं निष्पादन प्रतिभूति राशि पर कोई भी ब्याज देय नहीं होगा। असफल निविदाकार को उनके द्वारा जमा की गई निविदा प्रतिभूति राशि पोर्टल से ऑनलाईन उनके खाते में वापस कर दी जावेगी।

30 निविदा में स्वीकृत दरें वित्तीय वर्ष 2023–24 की समाप्ति / आगामी निविदा दरों की स्वीकृति तक मान्य होगी। इस अवधि में निविदा में उल्लेखित सामग्रियों की दरें को कभी भी निरस्त किये जाने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को होगा।

31 सफल निविदाकर्ता को उनके द्वारा जमा निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) की राशि वित्तीय वर्ष समाप्ति / आगामी निविदा स्वीकृति उपरांत पृथक से लौटाई जावेगी।

32 असुविधा से बचने के लिए कृपया निविदा भरने हेतु अंतिम दिनांक की प्रतीक्षा न करें। समस्त प्रक्रियाएं निर्धारित प्रपत्रों में ही करें।

33 **भुगतान में कटौती**–यदि प्रदाय उत्पाद / सामग्री की मात्रा में कमीं / ह्रास होता है तो भुगतान में उसकी कटौती की जावेगी।

34 सफल निविदाकार के भुगतान में से शासन नियमानुसार करों (टी.डी.एस. व जी.एस.टी.–टी.डी.एस. आदि) की कटौती की जावेगी।

35 निविदा के सम्बन्ध में किसी भी तरह के विवाद की स्थिति में प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य लघुवनोपज संघ, भोपाल का निर्णय अंतिम तथा बंधनकारी होगा।

36 न्यायालीन विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी,**
**एम.एफ.पी.–पार्क, बरखेड़ा पठानी, भोपाल**

परिशिष्ठ–1

## वित्तीय वर्ष 2023–2024 हेतु कच्ची हर्बल औषधियां / सामग्रियां

| क्र. | सामग्री का नाम | वानस्पतिक / वैज्ञानिक नाम | अनुमानित वार्षिक आवश्यक मात्रा (कि.ग्रा. / ली. में) | मात्रा का पैमाना (प्रति किग्रा / लीटर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एरण्ड मूल | *Ricinus communis Linn.* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 2 | एरण्ड तेल | *Ricinus communis Linn.* | 2000 | लीटर |
| 3 | एलोवेरा पल्प | *Aloe barbadensis miller.* | 500 | कि.ग्रा. |
| 4 | धमासा | *Fagonia cretica Linn.* | 500 | कि.ग्रा. |
| 5 | धनिया | *Coriandrum sativum Lin* | 500 | कि.ग्रा. |
| 6 | धवई | *Woodfordia fruiticosa (Linn ) Kurz* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 7 | धतुरा बीज | *Dhatura metel Linn.* | 500 | कि.ग्रा. |
| 8 | यावक्षार | *Potassium carbonate* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 9 | श्योनाक छाल | *Oroxylum indicum* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 10 | यसद भस्म | *Inpure zink ore ash* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 11 | घी (सांची) | *Clarified butter* | 5000 | कि.ग्रा. |
| 12 | घी (अमूल) | *Clarified butter* | 5000 | कि.ग्रा. |
| 13 | खडिया मिट्टी | *sedimentary carbonate rock* | 1500 | कि.ग्रा. |
| 14 | खर्पर भस्म | *Ash of zinc carbonate* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 15 | खस जड़ | *Vitiveria ziziinoides (Linn.)Nash* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 16 | खैर छाल | *Acacia catechu (L.f.)Willd.* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 17 | खजूर | *Phoenix dactylifera Linn.* | 500 | किग्रा |
| 18 | क्षीरकाकोली | *Fritillaria royelei Hook ;* | 300 | किग्रा |
| 19 | शुक्ती रॉ | *Pearl Oyster.* | 200000 | कि.ग्रा. |
| 20 | त्रायमाण | *Gentian kurroa Royle* | 200 | किग्रा |
| 21 | इरमेद छाल | *Citrullus colocynthis Schrad.* | 200 | कि.ग्रा. |
| 22 | इरमेदादिछाल | *Acacia farnesina Wild.* | 500 | किग्रा |
| 23 | इसबगोल | *Plantago ovata Forsk.* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 24 | इन्द्रायणी | *Citrullus colocynthis (L.) Schrad.* | 500 | किग्रा |
| 25 | इलायची | *Elettaria cardamomum (L.) Maton* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 26 | बबूल गोंद | *Acacia nilotica (Linn.)* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 27 | बकुची | *Psoralea corylifolia Linn* | 500 | कि.ग्रा. |
| 28 | बहेड़ा छिलका | *Terminalia bellerica (Gaertn.) Roxb.* | 30000 | कि.ग्रा. |
| 29 | बरहीकंद | *Dioscorea bulbifera Linn.* | 500 | किग्रा |
| 30 | बरगद छाल | *Ficus bengalensis Linn* | 500 | कि.ग्रा. |
| 31 | बालहरड | *Terminalia chebula Retz.* | 2000 | किग्रा |
| 32 | बड़ी कटेरी | *Solanum indicum Linn.* | 500 | किग्रा |
| 33 | बडी इलायची | *Amomum subulatum Roxb.* | 200 | कि.ग्रा. |
| 34 | बच जड़ | *Acorus calamus Linn.* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 35 | बेर | *Ziziphus mauritianaLam.* | 100 | कि.ग्रा. |
| 36 | बेल छाल | *Aegle marmelos (Linn.) Corr.ex Roxb.* | 3000 | कि.ग्रा. |

| क्र. | सामग्री का नाम | वानस्पतिक / वैज्ञानिक नाम | अनुमानित वार्षिक आवश्यक मात्रा (कि.ग्रा. / ली. में) | मात्रा का पैमाना (प्रति किग्रा / लीटर) |
|---|---|---|---|---|
| 37 | बेल फल गूदा | *Aegle marmelos Corr.* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 38 | बला | *Sida cordifolia Linn.* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 39 | ब्राह्मी | *Bacopa monnieri (Linn.) Wettst* | 500 | कि.ग्रा. |
| 40 | कंकोल | *Piper cubeba Linn. f.* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 41 | कंटकारी (छोटी कटेरी) | *Solanum surattens Burm.f.* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 42 | कबीट | *Limonia acidissima* | 200 | किग्रा |
| 43 | कमल केसर | *Nelumbo nucifera Stigmas.* | 200 | किग्रा |
| 44 | कमल फूल नीला | *Nymphaea stellata Willd.* | 500 | कि.ग्रा. |
| 45 | कमल फूल लाल | *Nelumbo nucifera Gaert* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 46 | कलिहारी | *Gloriosa superba Linn.* | 500 | कि.ग्रा. |
| 47 | कपर्दिका भस्म | *Cypraea moneta ash* | 100000 | कि.ग्रा. |
| 48 | कपर्दिका रॉ | *Cypraea moneta* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 49 | कपूर | *Cinnamomum camphora* | 150000 | कि.ग्रा. |
| 50 | कपूर कचरी | *Hedychium spicatum* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 51 | करंज बीज | *Pongamia pinnata (Linn.) Merr.* | 200 | कि.ग्रा. |
| 52 | करंज तेल | *Pongamia pinnata* | 500 | ली |
| 53 | कायफल | *Myrica esculenta Buch-Ham. Ex* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 54 | काकोली | *Lilium pollyphylum/ Roscoea purpurea* | 300 | किग्रा |
| 55 | काकड़ासंघी | *Pistacia integerrima* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 56 | काकनासा | *Martynia annua Linn* | 500 | कि.ग्रा. |
| 57 | काशीश रॉ | *Ferrous Sulphate ($FeSO_4 . 7H_2O$)* | 200 | कि.ग्रा. |
| 58 | काशीश शुद्ध | *Ferrous Sulphate ($FeSO_4 . 7H_2O$)* | 5000 | कि.ग्रा. |
| 59 | कासनी | *Cichorium intybus L.* | 300 | किग्रा |
| 60 | कोकम तेल | *Garcinia indica (Thouars) Choisy.* | 250 | लीटर |
| 61 | कालमेघ पंचांग | *Andrographis paniculata (Burm.f.)Wall.ex.* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 62 | काली मूसली | *Curculigo orchioides Gaertn* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 63 | काली निशोथ | *Operculina turpenthum (l.) Silva Manso* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 64 | काली मिर्च | *Piper nigrum Linn.* | 5000 | कि.ग्रा. |
| 65 | काला जीरा | *Nigella sativa L. Synonym: Nigella indica* | 500 | किग्रा |
| 66 | काला नमक | *Sodium chloride* | 500 | किग्रा |
| 67 | कसेरूकी | *Scirpus cyperinus (L.) Kunth (N Am.)* | 300 | किग्रा |
| 68 | कचनारछाल | *Bauhinia variegata / Bauhinia purpurea* | 2000 | किग्रा |
| 69 | कुश जड | *Desmostachya bippanata Staph.* | 500 | कि.ग्रा. |
| 70 | कुडा बीज (इन्द्रव्य) | *Holarrhena antidysenterica (Roth) A.DC* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 71 | कुचला | *Strychnos nux-vomica L.* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 72 | कुटकी | *Picrorhiza kurroa Royle. Ex Benth* | 5000 | कि.ग्रा. |
| 73 | कुटज छाल (कूडा छाल) | *Holarrhena antidysenterica (Roth) A. DC.* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 74 | कुल्थी | *Vigna unquiculata (Linn.) Walp* | 100 | कि.ग्रा. |

| क्र. | सामग्री का नाम | वानस्पतिक / वैज्ञानिक नाम | अनुमानित वार्षिक आवश्यक मात्रा (कि.ग्रा. / ली. में) | मात्रा का पैमाना (प्रति किग्रा / लीटर) |
|---|---|---|---|---|
| 75 | कत्था | *Acacia catechu, Senegalia catechu* | 2000 | किग्रा |
| 76 | कैप्सिकम आयल | *Capsicum frutescens* | 100 | ली |
| 77 | केवकंद | *Cheilocostus speciosus(J.Konig) C.Specht* | 500 | किग्रा |
| 78 | केजीपुटी तेल | *Oil from leaves of Melaleuca leucandendra* | 500 | लीटर |
| 79 | कूठ | *Saussurea costus (Falc.) Lipsch.* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 80 | कलमी सोडा | *Potassium Nitrate* | 1500 | कि.ग्रा. |
| 81 | मण्डूर भस्म | *Ferric Oxide or red iron oxide Ash* | 5000 | कि.ग्रा. |
| 82 | मंजिष्ठा | *Rubia cordifolia* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 83 | मकोय पंचांग | *Solanum nigrum Linn.* | 500 | कि.ग्रा. |
| 84 | महामैदा छाल | *Polygonatum cirrhifolium (Wall.) Royle* | 500 | किग्रा |
| 85 | महुआ फूल सूखा | *Madhuca longifolia* | 5000 | कि.ग्रा. |
| 86 | माषपर्णी | *Teramnus labialis (L. f.) Spreng.* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 87 | मोचरस | *Bombax ceiba L. /Bombax malabaricum* | 500 | किग्रा |
| 88 | मालकंगनी बीज | *Celastrus paniculatus Wild* | 200 | कि.ग्रा. |
| 89 | मदनफल | *Xeromphis spinosa (Thunb) Kea* | 300 | कि.ग्रा. |
| 90 | मुक्ताशुक्ती रा | *Ostrea edulis* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 91 | मुक्तापिष्टी | *Pearl Calcium* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 92 | मुरमुरे (लाई) धान की लाई | *Oryza sativa L.* | 200 | कि.ग्रा. |
| 93 | मुनगाछाल | *Moringa oleifera (synonym: Moringa* | 500 | किग्रा |
| 94 | मुलेठी | *Glycyrrhiza glabra* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 95 | मेथी | *Trigonella foenum-graecum L.* | 500 | किग्रा |
| 96 | मेन्शिल | *Manshil* | 500 | कि.ग्रा. |
| 97 | मैदा छाल | *Litsea glutinosa* | 500 | किग्रा |
| 98 | त्रिवंग भस्म | *Ash of lead, tin & zinc* | 500 | कि.ग्रा. |
| 99 | किवांच बीज | *Mucuna pruriens (L.) DC. var. utilis (Wall.* | 500 | किग्रा |
| 100 | मिश्री | *Rock candy* | 100000 | कि.ग्रा. |
| 101 | हिंगोट | *Balanites aegyptiaca (Linn) Del.* | 300 | किग्रा |
| 102 | हिंगुल | *Sulfuratum Hydrargyrum* | 500 | किग्रा |
| 103 | पिपरमिन्ट | *Mentha piperita Linn.* | 500 | कि.ग्रा. |
| 104 | पिंड खजूर | *Phoenix dactylifera* | 500 | कि.ग्रा. |
| 105 | पित्त पापडा | *Fumaria parviflora Lam* | 500 | कि.ग्रा. |
| 106 | प्रियंगू | *Callicarpa marcophylla* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 107 | शिरिष छाल | *Albizzia lebbeck Ben* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 108 | थाइमॉल (अजवाइन सत) | *Thymol (Ajwail sat)* | 500 | कि.ग्रा. |
| 109 | शिलाजीत | *Asphaltum punja-bianum* | 5000 | कि.ग्रा. |
| 110 | शिलाजीत पत्थर रॉ | *Asphaltum punja- bianum* | 5000 | कि.ग्रा. |
| 111 | सिरस छाल | *Albizia lebbeck (L.) Benth.* | 500 | किग्रा |

| क्र. | सामग्री का नाम | वानस्पतिक / वैज्ञानिक नाम | अनुमानित वार्षिक आवश्यक मात्रा (कि.ग्रा. / ली. में) | मात्रा का पैमाना (प्रति किग्रा / लीटर) |
|---|---|---|---|---|
| 112 | विधारा बीज | *Argyreia nervosa (Burm.f.)Boj.* | 500 | कि.ग्रा. |
| 113 | विधारा मूल | *Argyreia nervosa (Burm.f.)Boj.* | 500 | कि.ग्रा. |
| 114 | विड नमक | *Sodium chloride* | 5000 | कि.ग्रा. |
| 115 | विदारी | *Puraria tuberosa D* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 116 | चित्रक | *Plumbago zeylanica Linn.* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 117 | चिरौंजी | *Buchanania cochinchinensis (Lour.) M.R.* | 200 | किग्रा |
| 118 | चिरवल छाल | *Holoptelea integrifolia Planch.* | 500 | किग्रा |
| 119 | फिटकरी | *Potassium alum or potassium aluminium* | 1000 | किग्रा |
| 120 | तिल्ली तेल | *Sesamum indicum oil* | 50000 | लीटर |
| 121 | निम्बोली | *Azadirachta indica A. Juss.* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 122 | निशोथ (सफेद) | *Operculina turpethum* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 123 | निगुण्डी पत्र | *Vitex negundo Linn.* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 124 | गिलोय | *Tinospora cordifolia Miers.* | 10000 | कि.ग्रा. |
| 125 | गिलोय सत्व | *Tinospora cordifolia Miers.* | 500 | किग्रा |
| 126 | हींग | *Ferula foetida Regel.* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 127 | हरसिंगार पत्ती | *Nyctanthes arbor-tristis.* | 500 | किग्रा |
| 128 | हर्रा छिलका | *Terminalia chebula Retz.* | 30000 | कि.ग्रा. |
| 129 | हरताल | *Compound of arsenic and sulfur.* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 130 | हार्ड पेराफिन मोम | *Hard Paraffin mom* | 200 | कि.ग्रा. |
| 131 | हउवेर | *Juniperus communis Linn* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 132 | हजरल यहूद भस्म | *Sillcotan* | 20000 | कि.ग्रा. |
| 133 | हजरल यहूद रॉ | *Lapis judaicus* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 134 | हल्दी | *Curcuma longa Linn.* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 135 | भृंगराज | *Eclipta alba Linn.* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 136 | भांग बीज | *Cannabis sativa L.* | 100 | किग्रा |
| 137 | भारंगी | *Clerodedron serratum Linn.* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 138 | भुई आंवला | *Phyllanthus niruri* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 139 | पृष्ठपर्णी | *Ureria picta Linn.* | 500 | किग्रा |
| 140 | पीपल छाल | *Ficus religiosa Linn.* | 500 | कि.ग्रा. |
| 141 | पीपली | *Piper longum Linn.* | 5000 | कि.ग्रा. |
| 142 | पीली सरसो | *Brassica hirta* | 200 | किग्रा |
| 143 | पाषाणभेद | *Bergenia ciliata (Haw ) Sternb* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 144 | पाठा छाल | *Cissampelos pareira Linn* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 145 | पाठा पंचांग | *Cissampelos parieta Linn. (North India)* | 1000 | किग्रा |
| 146 | पारिभद्र | *Erythrina indica Lamk (Erythrina Variegata* | 500 | किग्रा |
| 147 | पारद (पारा) | *Mercury* | 500 | कि.ग्रा. |
| 148 | पदमख काष्ठ | *Prunus cerasoides D.Don* | 500 | कि.ग्रा. |
| 149 | पुष्करमूल | *Inula racemosa Hook.f.* | 2000 | कि.ग्रा. |

| क्र. | सामग्री का नाम | वानस्पतिक / वैज्ञानिक नाम | अनुमानित वार्षिक आवश्यक मात्रा (कि.ग्रा. / ली. में) | मात्रा का पैमाना (प्रति किग्रा / लीटर) |
|---|---|---|---|---|
| 150 | पुनर्नवा मूल | *Boerhavia diffusa* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 151 | पतंग लकडी | *Caesalpinia sappan Linn.* | 300 | किग्रा |
| 152 | पलास छाल | *Butea monosperma (Lam.)Taub. ;* | 500 | किग्रा |
| 153 | प्रवाल पिष्टी | *Coral calcium* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 154 | प्रवाल रॉ | *Corallium rubicam* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 155 | रासना पत्ती | *Pluchea lanceolata Oliver & Hiem.* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 156 | रॉल | *Shorea robusta Gaertn.* | 200 | किग्रा |
| 157 | रसन्जन | *Moringa oleifera.* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 158 | रेवा चीनी | *Rheum emodi or R. webbianum* | 300 | किग्रा |
| 159 | शंघपुष्पी | *Convolvulvus pluricaulis Choisy* | 500 | कि.ग्रा. |
| 160 | शंख भस्म | *Incinerated Turbinella pyrum.* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 161 | शंख टुकड़ा रॉ | *Turbinella rapa* | 5000 | कि.ग्रा. |
| 162 | शक्कर | *Saccharum officinarum* | 100000 | कि.ग्रा. |
| 163 | शहद | *Honey* | 25000 | कि.ग्रा. |
| 164 | शहजीरा | *Carum carvi* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 165 | शालपर्णी | *Desmodium gangeticum* | 500 | किग्रा |
| 166 | शुक्ति भस्म | *Calx of Oyster shell,* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 167 | शतावर कंद | *Asparagus racemosus* | 300 | कि.ग्रा. |
| 168 | समुद्र नमक | *Sodium chloride* | 5000 | कि.ग्रा. |
| 169 | सप्तपर्णी छाल | *Alstonia scholaris* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 170 | सर्पगंधा | *Rauvolfia serpentina (L.) Benth. ex Kurz.* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 171 | सरसों तेल | *Brassica campestris oil* | 500 | लीटर |
| 172 | सौंठ | *Zingiber officinale* | 5000 | कि.ग्रा. |
| 173 | सोडियम बेंजोएट | *Sodium benzoate is the sodium salt of* | 500 | किग्रा |
| 174 | सोनापाठा | *Oroxylum indicum* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 175 | स्वर्ण गैरिक मिट्टी | *Silicate of alumina and oxide of iron* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 176 | स्वर्णमाक्षिक भस्म | *Copper-ore ash(iron pyrites)* | 2500 | कि.ग्रा. |
| 177 | स्वर्णमाक्षिक रॉ | *Chalcopyrite* | 2500 | कि.ग्रा. |
| 178 | सुहागा | *Borax mineral* | 50000 | कि.ग्रा. |
| 179 | सुपारी | *Areca catechu Linn.* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 180 | सुरन सूखा | *Amorphophallus campanulatus (Roxb.)* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 181 | सफेद मिर्च | *Piper nigrum Linn.* | 100 | किग्रा |
| 182 | सफेद चंदन | *Santalum album Linn.* | 200 | किग्रा |
| 183 | सेंधा नमक | *Sodium chloride impure* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 184 | सजीक्षार | *crude sodium carbonate/barilla* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 185 | सनाय पत्ती | *Cassia angustifolia Vahl.* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 186 | सूरमा (एन्टिमनी) | *Antimony* | 200 | किग्रा |
| 187 | उड़द दाल | *Vigna mungo (L.) Hepper* | 500 | किग्रा |

| क्र. | सामग्री का नाम | वानस्पतिक/वैज्ञानिक नाम | अनुमानित वार्षिक आवश्यक मात्रा (कि.ग्रा./ली. में) | मात्रा का पैमाना (प्रति किग्रा/लीटर) |
|---|---|---|---|---|
| 188 | दंतीमूल | *Baliospermum montanum Muell-Arg.* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 189 | छबीला | *Parmelia perlata Ach.* | 500 | कि.ग्रा. |
| 190 | दारूहल्दी | *Berberis aristata DC* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 191 | दालचीनी | *Cinnamomum zeylenicum Nees* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 192 | दालचीनी तेल | *Cinnamomum zeylanicum Blume* | 50 | लीटर |
| 193 | देवदारू | *Cedrus deodara ( Roxb.) Loud.* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 194 | द्राक्षा (मुनक्का) | *Vitis vinifera Linn.* | 5000 | कि.ग्रा. |
| 195 | वंशलोचन | *Bambusa arundinacea* | 5000 | कि.ग्रा. |
| 196 | वंग भस्म | *Stannum (Tin)* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 197 | वराहीकंद | *Dioscorea bulbifera Linn.* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 198 | वायविडंग | *Embelia ribes* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 199 | वत्सनाभ | *Aconitum chasmanthum* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 200 | वेसलीन | *Petroleum jelly* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 201 | वनभटा (बडी कटेरी) | *Solanum indicum Linn.* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 202 | चव्य | *Piper retrofractum Vahl.* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 203 | चूना | *Limestone* | 500 | कि.ग्रा. |
| 204 | ताम्र भस्म | *Ash of copper* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 205 | ताम्र रॉ | *Raw Copper* | 1500 | कि.ग्रा. |
| 206 | तालिस पत्र | *Abies webbiana Lindle / Abies spectabilis* | 1000 | किग्रा |
| 207 | तारपिन | *Turpentine* | 500 | ली |
| 208 | तुलसी | *Ocimum sanctum Linn* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 209 | तेजपत्र | *Cinnamomum tamala (Buch.-Ham.) T.Nees* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 210 | तगर | *Valeriana wallichi* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 211 | जमालगोटा | *Croton tiglium Linn.* | 500 | कि.ग्रा. |
| 212 | जहरमोहरा खताई पिष्टी | *serpentine mineral group stone* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 213 | जीरा | *Cuminum cyminum* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 214 | जीवंती | *Leptadenia reticulata (Retz.) Wight & Arn.* | 300 | किग्रा |
| 215 | जायफल | *Myristica fragrans Houtt.* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 216 | जामुन गुठली | *Syzygium cuminii (Linn) Sk* | 500 | कि.ग्रा. |
| 217 | जावित्री | *Myristica fragrans Houtt.* | 500 | कि.ग्रा. |
| 218 | जटामांसी | *Nardostachys jatamansi DC.* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 219 | नीम पत्ती | *Azadirachta indica A. Juss.* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 220 | नीम तेल | *Azadiracta indica oil* | 500 | लीटर |
| 221 | नीलगिरी तेल | *Eucalyptus globulus oil* | 500 | लीटर |
| 222 | नीला थोथा रॉ | *Copper sulphate* | 200 | कि.ग्रा. |
| 223 | नाय | *Enicostemma littorale Auct. non Bl* | 1000 | किग्रा |
| 224 | नौसादर | *Ammonium chloride.* | 1500 | कि.ग्रा. |
| 225 | नाग भस्म | *incinerated Lead* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 226 | नागबला | *Grewia hirsuta* | 500 | कि.ग्रा. |

| क्र. | सामग्री का नाम | वानस्पतिक / वैज्ञानिक नाम | अनुमानित वार्षिक आवश्यक मात्रा (कि.ग्रा. / ली. में) | मात्रा का पैमाना (प्रति किग्रा / लीटर) |
|---|---|---|---|---|
| 227 | नागकेशर | *Mesua ferrea Linn.* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 228 | नागरमोथा जड़ | *Cyperus rotundus* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 229 | नेत्रबला | *Pavonia odorata Willd.* | 500 | कि.ग्रा. |
| 230 | नेपाली चिरायता | *Swertia augustifolia D. Don.* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 231 | टंकण भस्म | *Incinerated Borax mineral* | 500 | कि.ग्रा. |
| 232 | अंजीर | *Ficus carica* | 500 | किग्रा |
| 233 | अकीक पिष्टी | *chalcedony and quartz* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 234 | अमा हल्दी | *Curcuma amada Roxb.* | 500 | किग्रा |
| 235 | अमलवेत | *Garcinia pedunculata Roxb.* | 500 | कि.ग्रा. |
| 236 | अमलताश | *Cassia fistula Linn* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 237 | अभ्रक भस्म | *Phyllo Silicate Ash* | 2500 | कि.ग्रा. |
| 238 | अपामार्ग | *Achyranthes aspera Linn* | 200 | कि.ग्रा. |
| 239 | अरारोट | *Maranta arundinacea L.* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 240 | अरनीमूल | *Clerodendrum phlomidis* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 241 | आंवला सूखा गुठली रहित | *Emblica officinalis Gaertn* | 30000 | कि.ग्रा. |
| 242 | आंवला ताजा | *Emblica officinalis Gaertn* | 2000 | किग्रा |
| 243 | आम गुठली | *Mangifera indica Linn.* | 500 | कि.ग्रा. |
| 244 | अशोक छाल | *Saraca asoca* | 2000 | किग्रा |
| 245 | टाटरी (साईट्रिक एसिड) | *Citric acid* | 500 | कि.ग्रा. |
| 246 | अडूसा | *Justicia adhatoda Nees.* | 2000 | किग्रा |
| 247 | अडूसा पत्ती | *Justicia adhatoda Nees.* | 2000 | किग्रा |
| 248 | अश्वगंधा जड़ | *Withania somnifera Linn.* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 249 | अतीस जड़ | *Aconitum hetrophyllum* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 250 | अतीवला | *Abutilon Indicum (Linn.),* | 500 | किग्रा |
| 251 | टेलकम पाउडर | *hydrous magnesium silicate* | 500 | किग्रा |
| 252 | अजमोद | *Apium leptophyllum (Pers.) F.V.M.ex Benth* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 253 | अजवाईन | *Trachyspermum ammi (Linn.) Sprague ex* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 254 | अजवाईन सत्व | *Trachyspermum ammi (L.)* | 500 | किग्रा |
| 255 | अर्जुन | *Terminalia arjuna W&* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 256 | अनंतमूल | *Hemidesmus Indicus* | 1000 | किग्रा |
| 257 | अगरू | *Aquilaria agallocha Roxb* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 258 | गंधक (अम्लसार) | *Sulphur* | 15000 | कि.ग्रा. |
| 259 | गम्भारी छाल | *Gmelina arborea Roxb.* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 260 | गौघृत | *Clarified Cow's Butter)* | 15000 | लीटर |
| 261 | गौखरू बीज | *Tribulus terrestris Linn.* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 262 | गोजिष्ठा / गोजिह्वा | *Onosma bracteatum Wall* | 200 | किग्रा |
| 263 | गोरखमुंडी | *Sphaeranthus indicus Linn.* | 500 | किग्रा |
| 264 | गोदंती भस्म | *Calcium Sulfate Dihydrate. Ash* | 10000 | कि.ग्रा. |
| 265 | गोदन्ति रॉ | *Calcium Sulfate Dehydrate* | 10000 | कि.ग्रा. |

| क्र. | सामग्री का नाम | वानस्पतिक / वैज्ञानिक नाम | अनुमानित वार्षिक आवश्यक मात्रा (कि.ग्रा. / ली. में) | मात्रा का पैमाना (प्रति किग्रा / लीटर) |
|---|---|---|---|---|
| 266 | गुड़ | *Jaggery/product of sugarcane* | 100000 | कि.ग्रा. |
| 267 | गुडमार | *Gymnema sylvestre R.Br.* | 500 | कि.ग्रा. |
| 268 | गुग्गल | *Commiphora wightii (Arn.) Bhand.* | 5000 | कि.ग्रा. |
| 269 | गुलर छाल | *Ficus racemosa Lin* | 500 | कि.ग्रा. |
| 270 | गुलाब फूल सूखा | *Rosa rubiginosa.* | 200 | किग्रा |
| 271 | गजपीपली | *Scindapsus officinalis Schooott* | 200 | कि.ग्रा. |
| 272 | लहसुन | *Allium sativum Linn* | 500 | कि.ग्रा. |
| 273 | लाख | *Paratachardina decorella* | 500 | कि.ग्रा. |
| 274 | लौध्र | *Symplocos racemosa Roxb.* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 275 | लोंग | *Syzygium aromaticum (Linn.)* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 276 | लौंग तेल | *Syzygium aromaticum Merril & Perry* | 50 | लीटर |
| 277 | लौह | *Iron pyrite* | 100000 | कि.ग्रा. |
| 278 | लौह भस्म | *Iron ash* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 279 | लोहा चूरा | *Iron ore* | 1000 | किग्रा |
| 280 | लाल चंदन | *Pterocarpus santalalinus (Natchar)* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 281 | लताकरंज (गटारन) | *Caesalpinia bonduc(Linn) Roxb* | 3000 | कि.ग्रा. |
| 282 | लज्जालु बीज | *Mimosa pudica Linn.* | 500 | कि.ग्रा. |
| 283 | बहेड़ा घनसत्व टेनिन 20% (6:1) | *Terminalia bellerica (Gaertn.) Roxb.* | 450 | कि.ग्रा. |
| 284 | ब्राम्ही घनसत्व सेपोनिन 20% (12:1) | *Bacopa monnieri* | 200 | कि.ग्रा. |
| 285 | करेला घनसत्व 10:1 | *Momordica charantia* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 286 | कासनी घनसत्व विटर 1% (15:1) | *Cichorium intybus Linn.* | 150 | कि.ग्रा. |
| 287 | कालमेघ घनसत्व एंड्रोग्रेफलाइडस 5% (10:1) | *Andrographis paniculata (Burm.f.) Wall.ex. Nees* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 288 | कालीमिर्च घनसत्व | *Piper nigrum Linn.* | 200 | किग्रा |
| 289 | कुटकी घनसत्व (10:1) | *Picrorhiza kurroa Royle. Ex Benth* | 25 | कि.ग्रा. |
| 290 | मंजीष्ठ घनसत्व सेपोनिन 20% (10:1) | *Rubia Cordifolia* | 100 | कि.ग्रा. |
| 291 | महारासनादि घनसत्व (10:1) | *Maharasnadi Ext.* | 100 | कि.ग्रा. |
| 292 | महासुदर्शन घनसत्व (10:1) | *Mahasudarshan Ext.* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 293 | मुलेठी घनसत्व फ्लेवोनाइडस 1% (7.5:1) | *Glycyrrhiza glabra* | 150 | कि.ग्रा. |
| 294 | त्रिफला घनसत्व (10:1) | *Trifala ext.* | 200 | कि.ग्रा. |
| 295 | शिलाजीत घनसत्व फ्लविक एसिड 2% (9:1) | *Asphaltum Ext.* | 50 | कि.ग्रा. |
| 296 | विदारीकंद घनसत्व | *Puraria tuberosa DC.* | 200 | किग्रा |
| 297 | गिलोय घनसत्व विटर 2% (15:1) | *Tinospora cordifolia (Willd.)* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 298 | हरसिंगार पत्ती घनसत्व टेनिन 5% (7.5:1) | *Nyctanthus arbor-tristis* | 400 | कि.ग्रा. |
| 299 | हर्रा घनसत्व टेनिन 25% (6:1) | *Terminalia chebula Retz..* | 400 | कि.ग्रा. |

| क्र. | सामग्री का नाम | वानस्पतिक / वैज्ञानिक नाम | अनुमानित वार्षिक आवश्यक मात्रा (कि.ग्रा. / ली. में) | मात्रा का पैमाना (प्रति किग्रा / लीटर) |
|---|---|---|---|---|
| 300 | हड़जोड़ घनसत्व विटर 2% (15:1) | *Cissus quadringularis* | 200 | कि.ग्रा. |
| 301 | भृंगराज घनसत्व नार–वेडलोएक्टोन 3% (15:1) | *Eclipta alba Linn.* | 200 | कि.ग्रा. |
| 302 | भुई आंवला घनसत्व विटर्स 1% (15:1) | *Phyllanthus niruri* | 1000 | कि.ग्रा. |
| 303 | पीपली घनसत्व पेपराइन 4%(6:1) | *Piper longum* | 100 | कि.ग्रा. |
| 304 | रास्ना पत्ती घनसत्व 10:1 | *Pulchea lanceolata* | 200 | कि.ग्रा. |
| 305 | शंखपुष्पी घनसत्व विटर 1% (15:1) | *Convolvulus pluricaulis Ext.* | 300 | कि.ग्रा. |
| 306 | शतावर घनसत्व सेपोनिन 20% (6:1) | *Asparagus racemosus* | 150 | कि.ग्रा. |
| 307 | सप्तपर्णी घनसत्व | *Alstonia scholaris* | 100 | कि.ग्रा. |
| 308 | सहजन पत्ती (मुनगा) घनसत्व सेपोनिन 10% (7.5:1) | *Moringa oleifera* | 200 | कि.ग्रा. |
| 309 | सर्पगंधा घनसत्व एल्केलाइडस 0.5% (15:1) | *Rauvolfia serpentina* | 50 | कि.ग्रा. |
| 310 | सरपोंखा घनसत्व रुतिन 1% (13.5:1) | *Tephrosia purpurea* | 300 | कि.ग्रा. |
| 311 | दशमूल घनसत्व टेनिन 5% (12:1) | *Dashmul Ext.* | 200 | कि.ग्रा. |
| 312 | दालचीनी घनसत्व पालीफिनाल्स 15–30% (10:1) | *Cinnamomum zeylenicum Nees* | 50 | कि.ग्रा. |
| 313 | जायफल घनसत्व वोलाटाइल तेल 5% (10:1) | *Myristica fragrans* | 50 | कि.ग्रा. |
| 314 | नेपाली चिरायता घनसत्व (10:1) | *Swertia chirata* | 300 | कि.ग्रा. |
| 315 | आंवला घनसत्व टेनिन 25% (15:1) | *Emblica officinalis Gaertn* | 300 | कि.ग्रा. |
| 316 | अदरक (सौंठ) घनसत्व जिंजराल 5% (10:1) | *Zingiber officinale* | 100 | कि.ग्रा. |
| 317 | अश्वगंधा घनसत्व एल्केलाइडस 1% विदानियोलाइडस 1.5% (7-5%) | *Withania somnifera Linn.* | 200 | कि.ग्रा. |
| 318 | अर्जुन घनसत्व टेनिन 25% (10:1) अर्जनोलिक एसिड 1% | *Terminalia arjuna (Roxb) W. & A.* | 500 | कि.ग्रा. |
| 319 | गुड़मार घनसत्व जिमनेमिक एसिड 20% (15:1) | *Gymnema sylvestre R.Br.* | 2000 | कि.ग्रा. |
| 320 | गुड़च्यादि घनसत्व (10:1) | *Tinospora cordifolia* | 1000 | कि.ग्रा. |

**परिशिष्ट –2**

## :: घोषणा ::

1. मैं (नाम) ..........................................................आत्मज.............................................. एतद् द्वारा कथन करता हूँ कि मेरे द्वारा निविदा की समस्त शर्तों का अध्ययन कर लिया गया है तथा सभी शर्ते मान्य हैं।

2. मैं (नाम) ..........................................................आत्मज.......................................... एतद् द्वारा निविदा प्रतिभूति (ई.एम.डी.) राशि रू. .................................................. ई–पेमेंट रसीद क्र. .................................... दिनॉक ................................ द्वारा ऑनलाइन भुगतान कर दिया है।

3. मेरे द्वारा निविदा के शर्तों अधि. क्र. / एम.एफ.पी.–पार्क / निविदा–1 / रॉ / 2023 / 489, दिनॉक 18.04.2023 के उल्लंघन अथवा पालन नहीं होने की दशा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं अनुसंधान केन्द्र, बरखेड़ा पठानी, भोपाल के द्वारा निविदा शर्तों के अनुसार जो भी दण्ड दिया जायेगा, मैं उसका प्रतिभागी होऊँगा।

दिनॉक ..............................

निविदाकार के हस्ताक्षर

**साक्षी**

1. हस्ताक्षर

   नाम....................................

   पता ..................................

   ............................................

   दूरभाष क्र.........................

2. हस्ताक्षर

   नाम ..............................................................

   पता ..............................................................

   दूरभाष क्र.........................

नाम ...................................................

निविदाकार का पूरा पता

(पत्र व्यवहार के लिये)

..............................................................

..............................................................

दूरभाष क्र. ..........................................

परिशिष्ठ –3

# संस्था / फर्म / वितरक / एजेण्ट की जानकारी

निविदाकार / संस्था / फर्म / का नाम :

पत्र व्यवहार का पता :

स्थायी पता :

दूरभाष क्र. :

फैक्स क्र. :

ई–मेल क्र. :

GST क्र. :

हस्ताक्षर ..........................................................................

नाम ..........................................................................

पदनाम ..........................................................................

दूरभाष क्र. ........................................ ............................

**परिशिष्ठ –4**

## चेक लिस्ट / जाँच सूची

| क्र. | दस्तावेजों का विवरण | पृष्ठ संख्या | | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | |
| 1. | ई–पेमेंट द्वारा जमा निविदा शुल्क का ब्यौरा | | | |
| 2 | ई–पेमेंट द्वारा जमा निविदा प्रतिभूति (ई.एम.डी.) राशि का ब्यौरा | | | |
| 3 | फर्म / संस्था / कम्पनी के पंजीयन का प्रमाण पत्र | | | |
| 4. | आयकर विभाग द्वारा जारी पेन / टेन कार्ड की प्रति | | | |
| 5. | जीएसटी पंजीयन प्रमाण–पत्र | | | |
| 6. | सी.ए. / अंकेक्षक द्वारा प्रमाणिकृत तीन वर्षो (FY 2019–20, 2020–21 एवं 2021–22) का लाभ–हानि पत्रक एवं बैलेंस शीट की प्रतियॉ | | | |
| 7 | तीन आंकलन वर्षो (AY 2020–21, 2021–22 एवं 2022–23) की जमा आयकर विवरणिका (आई.टी.आर.) की प्रतियॉ | | | |
| 8. | निविदा में भाग लेने के लिए संस्था के लेटरहेड पर अधिकार पत्र | | | |
| 9. | काली सूची में शामिल न होने का घोषणा पत्र | | | |
| 10. | प्रस्तावित आयटमों की सूची एवं आयटमों की गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट | | | |
| 11. | निविदाकार द्वारा घोषणा, परिशिष्ट–II | | | |
| 12. | वितरक / एजेण्ट की जानकारी, परिशिष्ट–III | | | |

**नोटः– निविदाकार उपरोक्तानुसार अभिलेखों को संलग्न कर आनलाइन माध्यम से प्रस्तुत करेंगे।**

हस्ताक्षर ..................................................................

नाम ..................................................................

पदनाम ..................................................................

दूरभाष क्र. ..................................................................